भारत कोकिंग कोल लिमिटेड
(एक मिनीरत्न कम्पनी)
(कोल इण्डिया लिमिटेड का एक अंग)
कर्मचारी स्थापना विभाग
पंजीकृत कार्यालय:कोयला भवन, कोयला नगर, धनबाद- 826005
सीआईएन: U10101JH1972GOI000918
वेबसाईट: www.bcclweb.in
ईमेल : hodnee.bccl@coalindia.in

BHARAT COKING COAL LIMITED
*(A Mini Ratna Company)*
(A Subsidiary of Coal India Limited)
NEE DEPARTMENT
Redg. Off.: KoylaBhawan, Koyla Nagar, Dhanbad - 826005
CIN: U10101JH1972GOI000918
Website: www.bcclweb.in
liame l : hodnee.bccl@coalindia.in

संदर्भ सं. बीसीसीएल/पीए-V/विभागीय चयन/ओवरसीयर/2024/
Ref No-BCCL/PA-V/Departmental Selection/Overseer/2024/ 2106-2206

दिनांक/Date-15.02.2024

## आंतरिक अधिसूचना/INTERNAL NOTIFICATION

श्रमशक्ति बजट 2023-24 के अनुसार निम्नलिखित रिक्त पदों को भरने के लिए आवश्यक न्यूनतम अर्हताधारित विभागीय अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किया जाता है:
Applications are invited from the departmental candidates, possessing Minimum qualification, required for selection to the under mentioned post, to fulfill the vacancy as per MPB 2023-24:

**पद/न्यूनतम योग्यता/Post/Minimum Qualification:**

| क्र. सं/Sl .No. | पद एवं ग्रेड/Post & Grade | न्यूनतम योग्यता/Minimum Qualification | कुल रिक्तियां /Total Vacancy | अनारक्षित /UR | अनु.जा ./SC | अ.ज. जा./ST |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | ओवरसीयर तक. एवं पर्य. ग्रेड 'सी' Overseer T&S Gr 'C' | क) मैट्रिक या समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण।<br>a) Should have passed matriculation or equivalent examination.<br>ख) सिविल इंजीनियरी में मान्यताप्राप्त डिप्लोमा (03 वर्ष का पाठ्यक्रम)।<br>b) Should possess a recognized diploma in Civil Eng. (03 yrs course) | 15 | 12 | 03 | 00 |

मेधा

Scanned with OKEN Scanner

**नियम एवं शर्तें/Terms and Conditions:**

1. अभ्यर्थी के आवेदन की स्वीकार्यता निम्नलिखित शर्तों के अधीन होगी:-
The admissibility of application of a candidate shall be subject to the following conditions:-

क) केवल वे स्थायी कर्मचारी आवेदन कर सकते हैं, जो दिनांक 30.09.2023 को इस पद के लिए उल्लिखित न्यूनतम निर्धारित योग्यता को पूरा करते हैं।

a) Only permanent employees who have fulfilled the minimum prescribed qualification as mentioned against the post, as on 30.09.2023 may apply.

ख) प्रशिक्षु आवेदन करने के पात्र नहीं हैं।

b) Trainees are not eligible to apply.

ग) यदि कोई अभ्यर्थी उच्च श्रेणी में कार्यरत है और इस अधिसूचित पद के लिए आवेदन करता है तो उसे इस बात का एक वचनपत्र प्रस्तुत करना होगा कि यदि उसका चयन हो जाता है तो वह निचले पद/ग्रेड को स्वीकार करने के लिए तैयार है और इस मुद्दे पर कोई विवाद नहीं खड़ा करेगा। हालांकि चयन के उपरांत उनका मूल वेतन सुरक्षित रहेगा।

c) If a candidate in a higher post/grade applies for a notified post he has to submit an undertaking that if selected, he is ready to accept lower post/grade and will not raise any dispute on this issue. However his basic pay will be protected on selection.

घ) अभ्यर्थी के पास सेवा के पूर्ण वर्ष के लिए न्यूनतम अच्छा सीआर रेटिंग होनी चाहिए और जिन उम्मीदवारों ने 03 वर्ष से अधिक की सेवा पूरी कर ली है, उनके मामले में पिछले 03 वर्षों के लिए सीआर रेटिंग की आवश्यकता होगी।

d) Candidate must have minimum " GOOD" CR rating for the completed year of service and in case of candidates who have completed more than 03 years of service, then CR rating for last 03 years will be required.

ड.) अभ्यर्थी की सतर्कता/विभागीय मंजूरी "बेदाग" होनी चाहिए।

e) Vigilance / Departmental Clearance of the candidate shall be " Clear".

च) जिन पदों पर कर्मचारियों की कमी है वैसे पदनाम धारित कर्मचारियों के आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा ।

f) Applications from employees belonging to shortage category will not be considered.

2. अभ्यर्थी का चयन वर्ष 2023-24 के लिए कंपनी के स्वीकृत श्रमशक्ति बजट के अनुसार रिक्ति के अधीन होगी।
The selection of candidate shall be subject to the vacancy as per the Approved Manpower Budget of BCCL for the year 2023-24.

मेधा

Scanned with OKEN Scanner

3. अभ्यर्थी का चयन अभ्यर्थियों की उपयुक्तता के मूल्यांकन के लिए आयोजित की जाने वाली चयन परीक्षा में अभ्यर्थी के सापेक्ष प्रदर्शन पर आधारित होगा। प्रश्न पत्र में 01 अंक के 100 बहुविकल्पीय प्रश्न (कुल 100 अंक) होंगे। लिखित परीक्षा दो भागों में 120 मिनट की अवधि की होगी। भाग-I में 40 अंकों के सामान्य ज्ञान तथा सामान्य जागरूकता से संबंधित प्रश्न होंगे और भाग-II में 60 अंकों के पेशेवर अभिक्षमता परीक्षा से संबंधित प्रश्न होंगे।
The selection of a candidate shall be based on the relative performance of the candidate in the selection test to be conducted for assessment of suitability of candidates. The question paper shall comprise of 100 multiple choice questions of 01 mark each ( Total 100 marks). The written examination shall be of 120 minutes duration and in two parts. Part-I shall be for General Knowledge and General Awareness for 40 marks and Part-II shall be for Professional Aptitude Test for 60 marks.

4. गलत उत्तरों के लिए कोई नकारात्मक अंकन नहीं होगा।
There will be no negative marking for wrong answers.

5. सामान्य अभ्यर्थियों के लिए उत्तीर्ण अंक 100 में से 40 अंक होंगे और अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों के लिए उत्तीर्ण अंक 100 में से 35 अंक होंगे।
For General candidates the pass marks will be 40 out of 100 marks and for SC/ST candidates pass marks will be 35 out of 100 marks.

6. यदि लिखित परीक्षा में दिया गया कोई प्रश्न या उत्तर का विकल्प गलत पाया जाता है, तो उस विशेष प्रश्न के लिए सभी उपस्थित अभ्यर्थियों को अंक दिए जाएंगे।
If the Question or the Answer choice given in the written examination is found wrong, marks for that particular question will be awarded to all the appearing candidates.

7. लिखित परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर एक पैनल तैयार किया जाएगा:
On the basis of marks obtained in the written test a panel will be prepared:

क) यदि दो या दो से अधिक अभ्यर्थी लिखित परीक्षा में समान अंक प्राप्त करते हैं, तो पेशेवर अभिक्षमता परीक्षा में अधिक अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी को पैनल में ऊपर रखा जाएगा।

a) In case two or more candidates secure equal marks in written test, the candidate who secures more marks in professional aptitude test will be kept above in the panel.

ख) यदि फिर भी यह बराबरी बनी रहती है, तो अभ्यर्थी की वरिष्ठता का निर्धारण उसकी नियुक्ति-तिथि के आधार पर किया जाएगा।

b) Even then if the tie persists, the date of appointment will be taken into consideration for determining the seniority of the candidate.

मेधा

Scanned with OKEN Scanner

ग) यदि नियुक्ति-तिथि पर विचार करने के बाद भी यह बराबरी बनी रहती है तो अंतिम वरिष्ठता का निर्धारण अभ्यर्थी की जन्मतिथि के आधार पर किया जाएगा और आयु में वरिष्ठ अभ्यर्थी को पैनल में ऊपर रखा जाएगा।

c) Even after considering the date of appointment the tie persists, the DOB of the candidate shall be taken into consideration for determining the final seniority and the candidate senior in age will be kept above in the panel.

8. रिक्ति की स्थिति, मानदंडों, संवर्ग-योजना, सतर्कता-मंजूरी आदि के अनुसार इस पैनल से अंतिम मेधा सूची तैयार की जाएगी और मेधा-सूची के अनुसार पात्र अभ्यर्थियों के नाम की सिफारिश नियुक्ति हेतु की जाएगी।
Final Merit list will be drawn from the panel as per vacancy position, norms, Cadre Scheme, Vigilance clearance etc. and the name of eligible candidates will be recommended as per the merit list.

9. अभ्यर्थियों के शैक्षिक/तकनीकी प्रमाण पत्रों को सत्यापन हेतु संबंधित प्राधिकरणों के पास भेजा जाएगा।
Educational/Technical certificates of the candidates will be sent to the concerned authorities for verification.

10. जिन अभ्यर्थियों ने पत्राचार/दूरस्थ शिक्षा या किसी अन्य ऑनलाइन माध्यम से डिग्री/डिप्लोमा प्राप्त किया है, वे आवेदन करने के पात्र नहीं होंगे। केवल एआईसीटीई द्वारा विधिवत रूप से मान्यता प्राप्त एवं अनुमोदित संस्थान से 03 वर्ष की अवधि के नियमित पाठ्यक्रम ही अपेक्षित योग्यता के रूप में मान्य होंगे।
Candidates who have obtained Degree/Diploma through correspondence/ distance education or any other online mode will not be eligible to apply. Only regular course of 03 year duration from an institute duly recognized and approved by AICTE shall be considered as requisite qualification.

11. अनुसूचित-जाति, अनुसूचित-जनजाति एवं दिव्यांग अभ्यर्थियों का आरक्षण कोटा सरकारी मानदंडों के अनुसार माना जाएगा।
Reservation quota for SC,ST and PwD candidates shall be considered as per govt. norms.

12. लिखित परीक्षा की भाषा द्विभाषी होगी।
The language of the written test shall be bilingual.

13. अभ्यर्थीगण यह ध्यान दें कि यदि कोई अभ्यर्थी चयन प्रक्रिया के किसी भी स्तर पर या उसके बाद में, किसी भी कदाचार में लिप्त पाया जाता है तो उसकी अभ्यर्थिता सरसरी तौर पर खारिज कर दी जाएगी और प्रमाणित स्थायी आदेशों के अनुसार उसके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू की जाएगी।

मेधा

Scanned with OKEN Scanner

Candidate shall note that at any stage of selection or later, if he/she is found indulging in any misconduct, the candidature will be summarily rejected and disciplinary action will be initiated as per the Certified Standing Orders.

14. निदेशक (कार्मिक), बीसीसीएल के पास बिना कोई कारण बताए अपने विवेकानुसार इस चयन प्रक्रिया को संशोधित/परिवर्तित/प्रतिबंधित/रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है। निदेशक (कार्मिक), बीसीसीएल का निर्णय अंतिम होगा।
Director (Personnel), BCCL reserves the right to modify/ alter/ restrict/ cancel the selection process, at his discretion without assigning any reasons whatsoever. The decision of Director (Personnel), BCCL shall be final.

15. चयनित अभ्यर्थियों को बीसीसीएल के किसी भी क्षेत्र/इकाई/मुख्यालय स्थापना में तैनात किया जा सकता है।
Selected candidates could be posted in any Area/Unit/HQ Establishment of BCCL.

16. अभ्यर्थियों को परीक्षा में उपस्थित होने के लिए कंपनी द्वारा जारी किया गया फोटोयुक्त कर्मचारी पहचान-पत्र लाना आवश्यक है।
Candidates are required to bring the Identity card bearing the photograph of the candidate, issued by the company for appearing in the written test.

17. परीक्षा के लिए निर्धारित समय के 30 मिनट से अधिक देरी से परीक्षा केंद्र पर पहुंचने वाले अभ्यर्थियों को परीक्षा में शामिल होने की अनुमति नहीं दी जाएगी।
Candidates who reach at the examination Centre more than 30 minutes after the start time, will not be allowed to appear for the examination.

18. इस आंतरिक अधिसूचना से संबंधित कोई भी संशोधन/परिवर्तन को केवल बीसीसीएल के वेबसाइट पर अधिसूचित किया जाएगा। अभ्यर्थियों को यह सलाह दी जाती है कि वे बीसीसीएल के वेबसाइट की नियमित रूप से जांच करें।
Any amendment/modification relating to this internal notification will be notified on BCCL website only. Candidates are advised to check the BCCL website regularly.

19. किसी भी संशय की स्थिति में, आंतरिक अधिसूचना का अंग्रेजी संस्करण ही अंतिम एवं मान्य होगा।
In case of any doubt, English Version of Internal Notification will be treated as final and valid.

**आवेदन कैसे करें/How to Apply:**

1. योग्य अभ्यर्थियों को यह सलाह दी जाती है कि वे इस पद पर चयन हेतु निर्धारित आवेदन-पत्र में ही आवेदन करें।आवेदन का प्रारूप बीसीसीएल की वेबसाइट अर्थात **www.bcclweb.in----->infobank------>careers in bccl** से डाउनलोड किया जा सकता है।
Eligible candidates are advised to apply in the prescribed application for selection to the post. The application format may be downloaded from BCCL website i.e **www.bcclweb.in----->infobank------>careers in bccl.**

मेधा

Scanned with OKEN Scanner

2. अभ्यर्थियों को यह सलाह दी जाती है कि वे इस अधिसूचना के नियम एवं शर्तों को ध्यानपूर्वक पढ़ें और निर्धारित योग्यता, जाति तथा अन्य मानदंडों आदि के अनुसार अपनी पात्रता का आकलन करें। Candidates are advised to go through the terms and conditions of the notification carefully, assessing his/her eligibility in accordance with the qualification, caste, other norms etc.

3. **कृपया निम्नलिखित सूची में से लागू होने वाले सभी प्रासंगिक दस्तावेजों की स्व-अभिप्रमाणित प्रतियाँ संलग्न करें:**
**Please attach self-attested copies of all relevant documents from the following list:**

क) अधिसूचित पद के लिए आवश्यक शैक्षिक/तकनीकी योग्यता प्रमाण पत्र।
a) Educational/Technical qualification certificates as required for the post.

ख) सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी किया गया वैध जाति प्रमाण पत्र (यदि लागू हो)।
b) Valid Caste Certificate issued by the competent authority (if applicable).

4. अधूरे आवेदनों अथवा निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदनों या अभ्यर्थी के हस्ताक्षर के बिना/प्रासंगिक दस्तावेजों के बिना/उचित माध्यम से प्राप्त नहीं होने वाले आवेदनों को अस्वीकार कर दिया जाएगा।
Incomplete applications or applications received after the due date or without signature of the candidate/ without relevant documents/ not through proper channel will be rejected.

**महत्वपूर्ण तिथियां/Important Dates:**

| | |
|---|---|
| आवेदन जमा करने की प्रारंभ तिथि<br>Start Date of Submission of Applications | 20.02.2024 |
| क्षेत्र/मुख्यालय इकाई में आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि<br>Last Date of Receipt of Applications at Area/HQ unit. | 27.02.2024 |
| कर्मचारी स्थापना विभाग में सभी प्रासंगिक दस्तावेजों के साथ आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि<br>Last Date of Receipt of Applications with all relevant documents at NEE Dept, BCCL, HQ | 07.03.2024 |
| लिखित परीक्षा की संभावित तिथि<br>Tentative Date of Written Examination. | 26.03.2024 |

संलग्नक/Encl: अवेदन प्रपत्र/Application Proforma

**महाप्रबंधक (कार्मिक)/कर्मचारी स्थापना विभाग/GM(P/NEE)**

Scanned with OKEN Scanner

प्रतिलिपि (ई-मेल के माध्यम से)/Copy to ( through E-mail):

1. सभी क्षेत्रीय महाप्रबंधक, बीसीसीएल/All Area GMs, BCCL
2. सभी महाप्रबंधक/विभागाध्यक्ष, बीसीसीएल मुख्यालय/All GMs/HoDs, BCCL HQ
3. महाप्रबंधक (प्रणाली)- इस अधिसूचना को बीसीसीएल की वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।
   GM(System)- For uploading the notification on BCCL website please.
4. महाप्रबंधक, वाशरी प्रभाग/GM, Washery Division.
5. चिकित्सा सेवा प्रमुख (प्रभारी), केन्दीय चिकित्सालय धनबाद (सीएचडी), कोयला नगर चिकित्सालय (केएनएच), क्षेत्रीय चिकित्सालय भूली (आरएचबी)।
   CMO(I/C),CHD, KNH, RHB
6. सभी क्षेत्रीय कार्मिक प्रबंधक, बीसीसीएल- व्यापक प्रसार हेतु। इसके अलावा, कर्मचारी द्वारा अपने आवेदन में दिए गए विवरणों को उसके सेवा अभिलेख से सत्यापित किया जाना चाहिए और संबंधित कार्मिक अधिकारी द्वारा इसे प्रमाणित किया जाना चाहिए। नियंत्रक प्राधिकारी द्वारा आवेदन और सभी संबंधित दस्तावेजों को विधिवत रूप से सत्यापित एवं अग्रेषित किया जाना चाहिए, जो दिनांक **27.02.2024** तक क्षेत्रीय कार्मिक प्रबंधक/विभागाध्यक्ष तक पहुंच जाना चाहिए। क्षेत्रीय कार्मिक प्रबंधक/विभागाध्यक्ष को इसे महाप्रबंधक/विभागाध्यक्ष, कर्मचारी स्थापना विभाग, मुख्यालय के कार्यालय में दिनांक **07.03.2024** को अपराह्न 05 बजे तक अग्रेषित कर भिजवा देना चाहिए। क्षेत्रीय कार्मिक प्रबंधक क्षेत्र में आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि के अगले दिन सभी आवेदकों के नामवार विवरण तैयार कर इस बात की पुष्टि करते हुए पत्र भेजकर यह प्रमाणित करेंगे कि प्राप्त सभी अवेदनों की सूची तैयार कर ली गई है और कोई भी आवेदन नहीं बचा है।
   All APM, BCCL- For wider circulation. Further the details furnished by the employee in his/her application must be verified from his/her Service Records and certified by the concerned Personnel Executive. Applications along with all the relevant documents duly attested and forwarded by the controlling authority should reach the APM/HOD by 27.02.2024 and the APM/HOD shall forward the same which should reach the office of HOD, NEE latest by 07.03.2024 upto 5 PM. The APMs shall send a confirmation on the next day, of the last date of receipt of applications at area, furnishing the name wise details of all the applicants and certifying that list of all the applications received are furnished and none is left.
7. क्षेत्रीय कार्मिक प्रबंधक/क्षेत्रीय चिकित्सा अधिकारी- सभी क्षेत्र, बीसीसीएल।
   APMs/AMOs- All Area, BCCL
8. प्रबंधक (कार्मिक)/कर्मचारी स्थापना/Manager(P)/NEE
9. प्रभारी सिनिडीह कर्मशाला, सीडब्ल्यूईबी, एकरा सेंट्रल स्टोर, गोलकडीह कर्मशाला, भूली नगर प्रशासन।
   I/C Sinidih workshop, CWEB, Ekra Central Store, Golakdih workshop, BTA
10. सूचना पट्ट- मुख्यालय/संबंधित फाइल/Notice Board- HQ/ Concerned File.

मेधा

Scanned with OKEN Scanner

# UNDERTAKING

Sub: Acceptance of lower post/grade on departmental selection
Ref: Notification dt-

I,__________________(name), ____________(Pers. No), _____________ Designation/grade/category,posted at__________(Place of posting) have applied for the post of ________(designation/grade). If I am selected to the said lower post/grade, I will accept it and will not raise any dispute on this issue in any form.

Signature
Date-

Scanned with OKEN Scanner

# -: आवेदन का प्रारूप :-

**आवेदित पद का नामः–**

| |
|---|
| नियंत्रण पदाधिकारी द्वारा सत्यापित नवीनतम पासपोर्ट साईज फोटेग्राफ चिपकायें |

(1) आवेदक का नाम :

(2) पदनाम :

(3) भूमिगत या सतह पर :

(4) पिता/पति का नाम :

(5) कर्मी संख्या :

(6) वर्तमान कैटेगरी/ग्रेड :

(7) वर्तमान कैटेगरी/ग्रेड में आने की तिथि :

(8) जन्म तिथि (कम्पनी रिकॉर्ड्स के अनुसार) :
(शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र या कम्पनी रिकॉर्ड्स जिसमें जन्म तिथि अंकित हो की स्व–सत्यापित प्रति संलग्न करें)

(9) नियुक्ति तिथि :
(नियुक्ति पत्र की स्व–सत्यापित प्रति संलग्न करें)

(10) शैक्षणिक योग्यता :
(शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र की स्व–सत्यापित प्रति संलग्न करें)

(11) तकनीकी योग्यता :
(तकनीकी योग्यता प्रमाण पत्र की स्व–सत्यापित प्रति संलग्न करें)

(12) क्या अनुसूचित जाति/जनजाति हैं :
(अनुसूचित जाति/जनजाति की अवस्था में वैध जाति प्रमाण पत्र की स्व–सत्यापित प्रति संलग्न करें)

(13) वर्तमान पदस्थापना स्थल :
(विभाग/इकाई/क्षेत्र/मुख्यालय दर्शायें)

**संलग्नः–**

1. शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र जिसमें जन्म तिथि दर्शायी गयी हो, का स्व–सत्यापित छायाप्रति।
2. शैक्षणिक योग्यता एवं तकनीकी योग्यता की स्व–सत्यापित छायाप्रति।
3. नियुक्ति पत्र की स्व–सत्यापित छायाप्रति।
4. पहचान पत्र की स्व–सत्यापित छायाप्रति।
5. पासपोर्ट साईज फोटोग्राफ की नियंत्रण पदाधिकारी द्वारा सत्यापित 02 (दो) प्रति।
   (एक प्रति आवेदन फॉर्म में चिपकाना है)
6. अनुसूचित जाति/जनजाति की अवस्था में वैध जाति प्रमाण पत्र की स्व–सत्यापित छायाप्रति।

## घोषणा

मैं यह घोषित करता/करती हूँ कि मेरे द्वारा ऊपर दी गयी सारी जानकारी सत्य और सही है। यदि यह गलत पाया जाता है तो मेरे ऊपर कम्पनी द्वारा नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्यवाही की जा सकती है एवं मेरे उम्मीदवारी को रद्द किया जा सकता है। ऊपर दी गयी जानकारी से संबंधित स्व सत्यापित कागजातों को संलग्न कर दिया गया है।

**आवेदक का हस्ताक्षरः**
**दिनांकः**

---

**For Official use only**

आवेदक द्वारा उपरोक्त में दियां गया विवरण को कंपनी रिकॉर्ड से चेक किया गया है, जो सही पाया गया है।

**संबंधित कार्मिक अधिकारी**

---

**नियंत्रण पदाधिकारी का हस्ताक्षरः**
**नामः**
**पदनामः**
**कोलियरी/क्षेत्र/मुख्यालयः**
**दिनांकः**

Scanned with OKEN Scanner